दिनांक–29.10.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ CGRC पर प्राप्त शिकायतों में लंबित शिकायतों, Water Testing, Tank Cleaning के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

- समीक्षा के क्रम में वाटर टैंक की सफाई की प्रगति 75 प्रतिशत से कम **(परिशिष्ट–01 संलग्न)** वाले प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं से प्रशाखा–05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

  अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना।

- सभी कार्यपालक अभियंता एवं केमिस्ट विशेषज्ञ को निदेश दिया गया कि यदि आगामी बैठक में जल जाँच की MIS पोर्टल पर प्रविष्टि शून्य पायी जाती है तो आपका वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दी जाएगी। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंता जल जाँच का निरीक्षण अपने स्तर से करते हुए सभी पैरामीटर की MIS पोर्टल पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे।

  अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता/सभी केमिस्ट विशेषज्ञ।

- CGRC पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में सभी कार्यपालक अभियंताओं को पूर्व में निदेशित किए जाने के बावजूद प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे के अंदर निष्पादन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। उक्त के संबंध में 30 प्रतिशत से कम प्रगति **(परिशिष्ट–02)** वाले संबंधित कार्यपालक अभियंता का एक दिन का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने के साथ–साथ प्रशाखा–05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

  अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- CGRC से प्राप्त सभी शिकायतों का 24 घंटे के अंदर निष्पादन करने हेतु सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया। इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता अपने स्तर से करते हुए निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

  अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि LOT (छूटे हुए टोलों) योजनाओं का नाम, जहाँ हाउस कनेक्शन दिया गया है वहाँ के लाभार्थी को नल को चालू करते हुए फोटोग्राफ्स एवं उनका मोबाइल नं0 के साथ अपडेट करेंगे।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

05.11.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/वि0क–105/25–932 दिनांक– 06/11/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वि0क–105/25–932 दिनांक– 06/11/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता, (दक्षिण बिहार/अनुश्रवण/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वि0क–105/25–932 दिनांक– 06/11/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)